तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 17 जून 2025

11 सरकार को दिया सात दिन का अल्टीमेटम



12 दूसरे दिन भी आई बारिश, सुबह जलभराव...



## खबर संक्षेप



सोनीपत। बैठक में उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं अन्य।

### 23 को सभी मंत्रियों के आवास का करेंगे घेराव

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में सोमवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री ने बताया कि दमकल कर्मचारी व नगरनिगम के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 23 जून को सभी कैबिनेट मंत्रियों के आवास पर घेराव करेंगे। 29 को फरीदाबाद में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के आवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। सोनीपत फायर के जिला प्रधान संदीप तूर, संघ के जिला प्रधान राजा भाई, इकाई प्रधान भारत कंडेरा ने बताया कि राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

### यूएस व इजरायल के विरोध में प्रदर्शन आज

**सोनीपत।** फिलीस्तीन में पिछले लगभग दो वर्षों से जारी भीषण हमलों, निर्दोष नागरिकों, मासूम बच्चों और महिलाओं पर हो रही बमबारी को लेकर नागरिक अधिकार मंच द्वारा गहरा रोष व्यक्त किया गया है। इसी के विरोध में 17 जून को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय (डीसी ऑफिस) के सामने एक बड़ा रोष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि अमेरिका और इजरायल द्वारा लगातार किए जा रहे इन हमलों में अब तक लगभग 75,000 निर्दोष फिलीस्तीनी नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

### दंपति ने संदिग्ध हालत में खाया जहर

**खरखौदा।** गोपालपुर गांव के एक दंपति ने संदिग्ध हालत में जहर खा लिया। गंभीर हालत में खरखौदा के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां से परिवार वालों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर दंपती से उनका पक्ष जाना, जिस पर उनकी तरफ से किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दी गई, वहीं अंजाने में ही जहर खा लेने की बात कही। थाना प्रभारी प्रेम कुमार का कहना है कि रात को पति-पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, उनके बयान लिए गए तो उनकी तरफ से धोखे में जहर खा लेने की बात कही गई।



खरखौदा। खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में पहुंची महिलाएं व पुरुष।

### महिलाओं ने बीडीपीओ से की पूर्व में आवंटित प्लाटों की मांग

**खरखौदा।** थाना कलां गांव की महिलाएं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी से मिली और उन्होंने मांग की है कि उन्हें करीब 30 वर्ष पहले प्लाट अलॉट हुए थे और उनके पास हिब्बानामा भी है। इसके बावजूद उन्हें प्लाट नहीं मिले हैं, उन्हें उपलब्ध करवाए जाएं। इस बारे में वह उपायुक्त, एसडीएम व बीडीपीओ से पहले भी कई बार मिल चुके हैं। सरपंच उन्हें प्लाट देने के मामले में दिलचस्पी नहीं ले रहा हैं। उधर गांव सरपंच आशीष दहिया का कहना है कि पात्र लोगों को सरकार की तरफ से प्लाट दिए जा चुके हैं, फिर भी कोई पात्र परिवार रहता है और सरकारें उन्हें प्लाट देना चाहती है तो इसमें उन्हें किसी भी तरह की कोई आपत्ति नहीं है।

# 24 घंटे, 3 मर्डर, सोनीपत में खौफ

**खरखौदा क्षेत्र में मिले मॉडल के शव का मामला देखेगी पानीपत पुलिस व दो केसों की जांच सोनीपत के जिम्मे**

**खरखौदा में दुकानदार की ट्रैक्टर से कुचल कर की हत्या, पहले किया गया था धारदार हथियार से हमला**

**गोहाना में दुकान का शीशा लगने से घायल युवक की मौत, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत जिले में सोमवार को तीन जघन्य हत्याओं ने लोगों में दहशत फैला दी है। कहीं रिश्तों की दरार ने खून करवा दिया, कहीं जमीन के झगड़े ने जान ले ली और कहीं मामूली विवाद ने एक युवक की ज़िंदगी खत्म कर दी। हर वारदात में हिंसा की भयावहता और प्रशासन की चुनौती सामने आई है। तीन हत्याएं, तीन अलग घटनास्थल और तीन अलग-अलग कारण लेकिन एक समान भय।

- हर वारदात में हिंसा की भयावहता प्रशासन के सामने बनी चुनौती

जिलेभर में इन वारदातों के बाद लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर भी लोग कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। जहां एक तरफ परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आम जनता में डर का माहौल है। अब पुलिस के लिए यह चुनौती है कि तीनों मामलों में दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि मॉडल शीतल की हत्या का मामला पानीपत पुलिस देखेगी, क्योंकि शीतल की गुमशुदगी के मामला पानीपत पुलिस ने दर्ज किया था। वहीं अमित और अशोक की हत्या के मामले सोनीपत पुलिस के जिम्मे है।

### मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी की हत्या, नहर में मिला शव



खरखौदा। वाटर चैनल से बरामद किया गया मॉडल शीतल का शव।

हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री की मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी का शव रविवार रात खरखौदा क्षेत्र में एनसीआर वाटर चैनल से बरामद हुआ। गले और हाथ पर धारदार हथियारों के निशान थे। शूटिंग से लौटते समय उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बहन ने आरोप लगाया कि इसराना निवासी सुनील ने मारपीट कर शीतल को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की कोशिश की थी। सुनील की कार नहर में मिली और वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है।

### युवक अमित की झगड़े में मौत, दुकान में शीशा बना जानलेवा

गोहाना के महम रोड पर स्थित डोमेस्टिक फूड पिजा प्वाइंट पर झगड़े के दौरान युवक अमित गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। झगड़ा दुकान के शीशे से टकराने के दौरान हुआ या सुनियोजित हमला था, यह जांच का विषय है। परिवार ने नौ युवकों पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है।

### दुकानदार अशोक की ट्रैक्टर से कुचलकर ले ली जान



गोहाना। घटना की जांच करने के लिए पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

गांव सिसाना में 30 वर्षीय अशोक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। अशोक पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसका सिर ट्रैक्टर से कुचल दिया गया। कुछ दिन पहले जमीन की खेवट को लेकर अशोक का आरोपियों से झगड़ा हुआ था। परिजनों ने गुहणा व सिसाना के कई युवकों पर साजिशन हत्या का आरोप लगाया है। हत्या के बाद से गांव में तनाव की स्थिति है।



गन्नौर। पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली गुमड़ गांव में पौधे रोपित करते हुए।

## गुमड़ में विनोद कांबली ने लगाए मां के नाम पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

- पूर्व क्रिकेटर ने पौधे के पास मां के नाम का एक संदेश भी लिखा

गांव गुमड़ में ग्राम पंचायत द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी विनोद कांबली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पंचायत की ओर विनोद कांबली को स्वागत किया गया। उन्होंने गांव में पौधरोपण किया और पौधे के पास मां के नाम का एक संदेश भी लिखा। कार्यक्रम के दौरान कांबली ने युवाओं को पर्यावरण की रक्षा और माता-पिता के सम्मान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैसे मां हमें जीवन देती है, वैसे ही पेड़ पृथ्वी को जीवन देते हैं। इन दोनों का आदर करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद विनोद कांबली मुंबई के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गुमड़ के पूर्व सरपंच रविंद्र पहल, शिव कुमार, मोहित जांगडा, पूर्व क्रिकेटर सुनील पहल, शुभम पहल, अक्षित पहल, रुद्रा और शिवम भी मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर सील, एमटीपी किट बेची, गर्भपात के बाद अस्पताल पहुंची महिला ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिला को एमटीपी किट का सेवन करने के बाद तबीयत खराब होने पर नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां महिला को प्रसूति विभाग में भर्ती किया गया। महिला व उसके पति ने एमटीपी किट को अटेरना स्थित मेडिकल स्टोर से खरीदने की बात कही। जिसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया।

टीम ने मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर संचालक के खिलाफ कुंडली थाने में शिकायत दी। पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है। जिला पीसीपीएनडीटी, एमटीपी अधिकारी डा. सुमित कौशिक ने बताया कि गांव खुर्मपुर निवासी महिला दो माह की गर्भवती थी। उन्होंने चार दिन पहले ही गांव अटेरना स्थित दिव्यांश मेडिकोज से एमटीपी किट खरीदी थी। उस दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने बिना मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के अवैध रूप से एमटीपी किट बेची। गोली खाने के बाद शनिवार को महिला का गर्भपात हो गया। प्रसूति विभाग में भर्ती होने के बाद महिला ने स्वास्थ्य विभाग को यह घटना बताई। उसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डा.एकता, चिकित्सा अधिकारी और ड्रग्स कंट्रोलर अधिकारी संदीप हुड्डा, मुंशीराम को शामिल किया गया। टीम ने एमटीपी दवाओं की अवैध बिक्री के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर गांव अटेरना, में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान किटों की बिक्री में लिप्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। मेसर्स दिव्यांश मेडिकोज पर एमटीपी अधिनियम और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत थाने में शिकायत दी। इस संबंध में कुंडली थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि बिना अनुमति किट बेचने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा।



सोनीपत। आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

## पंच उपचुनाव में प्रारूप 14 में हुई गड़बड़ी जीते हुए उम्मीदवार की दिखाई हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

पांची जाटान गांव में पंच के उपचुनाव में प्रारूप 14 में गड़बड़ी होने का मामला सामने आया है। चुनाव का परिणाम के दौरान तैयार किए जाने वाले प्रारूप 14 में विजयी उम्मीदवार को हारा हुआ दिखा दिया गया।

देर रात चुनाव परिणाम आने के बाद जब विजयी उम्मीदावार मुकेश को पता लगा तो वे सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में पहुंचे और विरोध जताया। वहीं पराजित उम्मीदवार कविता भी एसडीएम से मिली। इसके बाद एसडीएम ने बीडीपीओ को जांच के आदेश दिए। जांच के लिए दोनो पक्षों में बीडीपीओ कार्यालय में बुलाया गया। कार्यवाहक खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी अंकुर ने बताया कि पराजित उम्मीदावार से प्रारूप-14 पत्र वापिस ले लिया गया है। बता दें कि गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-4 के लिए हुए पंच उपचुनाव में मुकेश ने 60 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। मुकेश को 112 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कविता को 52 वोट मिले। मुकेश ने 60 वोटों के अंतर से विजय हासिल की थी।



गन्नौर। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में उपचुनाव मेंड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारियों से बात करते एसईपीओ। फोटो : हरिभूमि



### कैडेट्स ने वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर योग दिवस की तैयारियां की आरंभ

सोनीपत। हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर 'वन अर्थ, वन हेल्थ थीम को समर्पित योगाभ्यास की शुरुआत कर दी है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 16 जून से प्रतिदिन योगाभ्यास प्रारंभ कर दिया गया है, जो 21 जून तक नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कॉलेज की एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज की कुल 50 एनसीसी कैडेट्स इस सात दिवसीय योग शिविर में भाग लेंगी। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी यह कैडेट्स सक्रिय रूप से प्रतिभाग करेंगी, जिसका नेतृत्व ईएमई ऑफिसर कर्नल अनुपम रावत करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा,योग केवल व्यायाम नहीं, अपितु जीवन की समरसता और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली श्रेष्ठ जीवनशैली है।

## सात आर्यवीर व्यायाम शिक्षक चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सार्वदेशिक आर्यवीर दल का राष्ट्रीय शिविर 1 जून से 15 जून तक गुरुकुल विश्वभारती, लाढौत (रोहतक) में संपन्न हुआ। इस शिविर में देशभर से आर्यवीरों ने भाग लिया, जिसमें सोनीपत जिले से 125 आर्यवीरों की सशक्त भागीदारी रही। आर्यवीर दल सोनीपत के जिला संचालक भगत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष के शिविर में सोनीपत जिले के युवाओं ने विशेष उपलब्धियां हासिल कीं।

शिविर में युवाओं को शारीरिक व्यायाम, योग, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, वैदिक संस्कारों और सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 7 आर्यवीर व्यायाम शिक्षक के रूप में चयनित हुए। इनमें अजय ने प्रथम स्थान और हार्दिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। उपव्यायाम शिक्षक श्रेणी में विकास ने द्वितीय स्थान, आर्यधीर श्रेणी में आरव आर्य ने द्वितीय तथा शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।



सोनीपत। शिविर के दौरान मौजूद व्यायाम शिक्षक के रूप में चयनित आर्य वीर। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गन्नौर । राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद जीआरपी गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मृतक की पहचान नही हुई। जीआरपी ने शव को सोनीपत सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। गन्नौर जीआरपी चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमारी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। उसने भूरे रंग की शर्ट, गहरे नीले रंग की की पैंट पहनी हुई थी। मृतक युवक के पास मिले थैले में चैन के पैकेट मिले हैं। इससे ऐसा लगता है कि मृतक चैन लगाने का काम करता था।

**होनहार** टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत

## स्टेट आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में अंशिका ने जीता रजत, नेशनल के लिए चयनित

- राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप 25 से 28 जून तक देहरादून में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में अंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर अपने जिले एवं कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 2 जून से 9 जून 2025 तक हिमाद्रि रिंक, देहरादून में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर आने के चलते अंशिका का चयन अब राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 25 जून से 28 जून तक देहरादून में ही आयोजित की जाएगी। अंशिका की इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्या कंचन और शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने मिठाई खिलाकर छात्रा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अंशिका की मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।



सोनीपत। राज्य स्तरीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप की विजेता अंशिका को रजत पदक के साथ सम्मानित करते प्राचार्या एवं मार्गदर्शक। फोटो : हरिभूमि

## जिलास्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट के चिराग ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

43वीं जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने पदक विजेता जोरदार स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन लिटल एंजल्स स्कूल में 01 से 06 जून तक किया गया था। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिता में 25 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। साउथ पॉइंट स्कूल से 12वीं कक्षा से कला संकाय के चिराग ने अंडर-19 आयु वर्ग की डबल्स प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर शानदार खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक जीता। पदक विजेता का जोरदार स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने भी चिराग को जीत की बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ खेलों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया।




सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा व अन्य के साथ पदक दिखाता चिराग।



विशेष : विश्व संगीत दिवस 21 जून

# संगीत जीवन में देता है शांति-सुकून

**संगीत हमारे जीवन में कितना उपयोगी है, यह कम ही लोग समझते हैं। महिलाओं के जीवन में तो संगीत और भी ज्यादा महत्व रखता है। वे घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए तनाव से घिरी रहती हैं। ऐसे में सुमधुर संगीत सुनना, उन्हें एक सुकून देता है। संगीत हमारे भीतर हैप्पी हार्मोंस बढ़ाकर, हमारी हीलिंग करके अंत:शक्ति बढ़ाता है। तो संगीत से जुड़िए, स्वस्थ रहिए और अपनी जिंदगी को खुशियों से भरिए।**



आवरण कथा
मीता पंडित, शास्त्रीय गायिका

संगीत केवल कला ही नहीं, जीवनशैली भी है। यह एक ऐसी जीवनधारा है, जो व्यक्ति को भीतर से संवारती है। यह जो भीतर से संवारना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के जीवन में। हम इस बात को समझें कि जब जीवन में संगीत प्रवेश करता है तो यह केवल स्वर या सुर-ताल का सौंदर्य नहीं होता, यह हमारे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मबल यानी जीवन का मूलाधार है, उसे बैलेंस करता है। इससे जीवन में संतुलन का स्त्रोत बन जाता है। ऐसा बहुत-सी महिलाओं में होते हुए देखा जा सकता है।

**हीलिंग का माध्यम:** आज के दौर में जब महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों के चलते मानसिक तनाव, दबाव और शारीरिक असंतुलनों से त्रस्त हैं, प्रभावित हैं, ऐसे में संगीत उनके लिए हीलिंग का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह संगीत जीवन में औषधि की तरह काम करता है। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह बात विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में इसलिए कही जा सकती है, क्योंकि महिलाओं को कई तरह की हार्मोनल समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आज जिस प्रकार की महिलाओं की जीवनशैली है, उसमें इतनी सारी कृत्रिमताएं हैं, खान-पान में मिलावट है, लाइफस्टाइल बिगड़ा हुआ है। वे जॉब कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। दोनों ही जिम्मेदारियों में खुद को श्रेष्ठ भी साबित करना चाहती हैं। यह दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को बहुत ज्यादा तनाव में डाल देती है। ऐसे में संगीत को यदि आप अपने जीवन में शामिल करती हैं तो यह आपको तनाव और चिंताओं से राहत देगा।

**पैदा होते हैं हैप्पी हार्मोंस:** गायन, वादन और रियाज के दौरान हमारे मस्तिष्क में कई हैप्पी हार्मोंस पैदा होते हैं। जैसा डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हैप्पी हार्मोंस (जैसे- डोपामाइन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन) चिंता, तनाव, अवसाद को कम करने के साथ खुशी, संतुष्टि और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावा संगीत मन को हल्का महसूस कराता है। इस पर कई शोध हो चुके हैं कि संगीत का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। यह मन को स्थिर करता है। यह संगीत की अद्भुत क्षमता है। इसलिए चाहे घरेलू-कामकाजी महिलाएं हों या फिर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, संगीत सभी के लिए बहुत लाभकारी है।



**बढ़ता है आत्मिक संतुलन:** संगीत, भावनात्मक संतुलन बनाता है, साथ ही एक्सप्रेशन का माध्यम भी है। सुरों के माध्यम से जब महिलाएं अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देती हैं, उससे उनका आत्मिक संतुलन बढ़ता है। संगीत का शरीर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। संगीत के नियमित अभ्यास से श्वसन प्रणाली बेहतर काम करती है। जब आप लंबी सांस लेते हैं, नियंत्रित श्वास लेते हैं या पेट की गहराई से सांस लेते हैं (ये सभी गायकों/संगीतकारों द्वारा की जाने वाली एक्सरसाइज हैं) तो इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इससे शरीर में ऑक्सीजन का बेहतर संचार होता है।

**नींद में सुधार:** आज बहुत सारे लोग अनिद्रा के शिकार हैं। इस समस्या में भी संगीत लाभकारी है, क्योंकि इससे नींद में भी सुधार होता है। मेरा खुद का अनुभव है, जब मैं रात को लाइट बंद कर रियाज करती हूं, इसके बाद सोती हूं तो मुझे बहुत अच्छी नींद आती है। नींद की गुणवत्ता (जिसे कहते हैं साउंड स्लीप) भी बहुत बढ़ जाती है। संगीत से अनिद्रा, बेचैनी, मानसिक थकान जैसी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यह शरीर में होने वाले दर्द में भी राहत देता है।



**टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास:** जब आप मंच पर गायन/संगीत प्रस्तुत करती हैं तो यह आपको आत्माभिव्यक्ति के साथ ही सार्वजनिक पहचान भी देता है। सार्वजनिक पहचान से आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि आप वाद्ययंत्रों के साथ संगीत प्रस्तुत करती हैं, इसलिए इससे टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास होता है। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बढ़ती है। संगीत कलात्मक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

**जरूरी नहीं संगीत की विधिवत शिक्षा लें:** संगीत से जुड़ने के लिए जरूरी नहीं कि आप विधिवत संगीत की शिक्षा ही लें। आप यह लाभ संगीत सुनकर भी ले सकती हैं। संगीत सुनकर आनंद महसूस कर सकती हैं। काम करते-करते साथ में गाने भी गा सकती हैं। अगर आप रोज कुछ समय अपने पसंदीदा गाने और संगीत या कोई वाद्ययंत्र सुनेंगी तो यह बहुत फायदा देगा। आप कुछ भी सुनें, शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी गाने, लोरी, लोकसंगीत, उससे मन को बहुत शांति मिलती है, क्योंकि संगीत मन को छू जाता है।

**कभी भी सुन सकती हैं संगीत:** संगीत सुनने के लिए आपको अलग से समय निकालने की जरूरत भी नहीं होती। आप कोई भी घरेलू काम चाहे साफ-सफाई हो, खाना बनाना या कपड़े धोना, कुछ भी करते हुए संगीत सुन सकती हैं। आप रेडियो पर गाने सुनते-सुनते काम कर सकती हैं। इससे काम की थकान महसूस नहीं होगी। जब आप योग और ध्यान लगाती हैं, उस समय भी मंत्र और श्लोक वाले आध्यात्मिक संगीत का लाभ ले सकती हैं। साथ में उच्चारण कर सकती हैं। छोटे बच्चों को सुलाते समय कोई लोरी सुना सकती हैं, बच्चे जल्दी सो जाएंगे। यू-ट्यूब, रेडियो के साथ ही अब कई म्यूजिक एप्स भी आ गए हैं, जहां अच्छा संगीत सुना जा सकता है।

**जीवन में संगीत को जरूर शामिल करें:** अगर आप अच्छा नहीं गा पातीं तो कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आप गाने के साथ गुनगुनाइए। साथ ही हमारे जो लोकपर्व और सामाजिक-पारिवारिक आयोजन होते हैं, उसमें लोकगीत गाएं। आपको बहुत अच्छा महसूस होगा। विवाह संगीत में शामिल हों। तीज, करवाचौथ, जागरण, माता की चौकी या ऐसे ही जो समय-समय पर पर्व आते हैं, उसके गीत-संगीत कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। यह मन को शांति महसूस कराता है। संगीत का लाभ सुनकर भी लिया जा सकता है। जीवन में संगीत को किसी न किसी रूप में शामिल जरूर करें। इससे जीवन में परिवर्तन, शांति और सुकून आप खुद महसूस करेंगी।

प्रस्तुति: रेणु खंतवाल



हर किसी का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत प्यारा लगता है। इससे सिर्फ हमें ही नहीं हमारे संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को बहुत अच्छा महसूस होता है। मुस्कुराने के और फायदों के बारे में जानकर आप मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगी।

# मुस्कुराइए जिंदगी हो जाएगी खुशनुमा

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन

दुनिया भर के विद्वानों, मनोवैज्ञानिकों, डॉक्टरों और महापुरुषों ने मुस्कुराहट की महिमा का बखान किया है। हर रोज सुबह उठकर आईने में देखते हुए मुस्कुराने की आदत डालें, आपका दिन खुशगवार गुजरेगा। यही नहीं अनेक शोध भी मुस्कुराने के तमाम फायदों को प्रमाणित करते हैं।

**स्ट्रेस होता है कम:** कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि मुस्कुराने से स्ट्रेस कम होता है, उम्र कम दिखती है, बीमारियों की आशंका कम होती है और उम्र बढ़ती है। बड़ी-बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां, स्कूल और अन्य संस्थान इन दिनों अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और छात्रों को मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक फेमस फूडचेन ने अपने ग्राहकों को एक बार की खरीदारी के भुगतान के रूप में सिर्फ मुस्कुराने को कहा। कुछ समय पहले 'यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास' के अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी एक स्टडी में पाया कि मुस्कुराने से हमारा शरीर किसी भी स्ट्रेस के प्रति कम प्रतिक्रिया देता है और स्ट्रेसफुल टाइम में हार्ट रेट सही रखता है।



**पॉजिटिव इफेक्ट:** एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि मुस्कुराने से बीपी सही रहता है, आयु लंबी होती है। 'दी एस्टोनिशिंग पावर्स ऑफ अ सिंपल एक्ट' की लेखिका रौन गटमैन कहती हैं, 'एक सच्ची मुस्कान आपके ब्रेन में ठीक वैसा ही स्टिमुलेशन उत्पन्न कर सकती है, जैसा 2000 चॉकलेट खाने पर होता है।' स्माइल कोच फ्रैंक मेलिंडर का कहना है, 'स्माइल एक्सरसाइज आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और आपको पूरी तरह एक पॉजिटिव पर्सनालिटी में ट्रांसफर कर सकती है। आपको कई हफ्तों तक इसकी प्रैक्टिस करनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह आपके अवचेतन मन में बैठ जाए और आपकी पर्सनालिटी का हिस्सा बन जाए।'

**बढ़े कॉन्फिडेंस-मिले सक्सेस:** 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में विशेषज्ञों और मनोविज्ञानियों ने एक लेख लिखा है, 'इफेक्ट्स ऑफ सेल्फ जेनरेटेड फेशियल एक्सप्रेशंस।' इसमें कहा गया है कि जो लोग दिन में कई बार आदतन मुस्कुराते हैं, उनकी छवि एक सफल और आत्मविश्वासी इंसान की बन जाती है। मुस्कुराने वाले लोगों का प्रमोशन होने की संभावनाएं, उदास या गंभीर दिखने वाले लोगों से ज्यादा होती है।


**मिलती है खुशी:** एक शोध से यह भी पता चला है कि मुस्कुराने से खुशी मिलती है, ना कि खुश रहने वाले ज्यादा मुस्कुराते हैं। सच तो यह है कि अगर आप झूठ-मूठ भी मुस्कुरा दें तो आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसलिए आप खुद मुस्कुराइए और दूसरों को भी मुस्कुराने को प्रेरित कीजिए।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब स्किन हो जाए टैन अपनाएं ये होम रेमिडीज

गर्मी के मौसम में सन टैनिंग की वजह से स्किन डल हो जाती है और फेस का अट्रैक्शन कम होने लगता है। टैनिंग दूर करने के लिए आप महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं, लेकिन कई बार केमिकल बेस्ड होने की वजह से ये स्किन के अनुकूल नहीं होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो सन टैनिंग से बचाने के साथ ही आपकी स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनाएंगे।



**नीबू का फेस पैक:** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें। बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नीबू के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।



**पपाया फेस पैक:** पपीते का फेस पैक टैनिंग दूर करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए पके पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें। इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अपने आप सूखने दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इन दिनों उमस भरी गर्मी के मौसम में आप रोजाना लगा सकती हैं।

**खीरे का फेस पैक:** टैनिंग दूर करने और कूल इफेक्ट देने में खीरा बहुत प्रभावी है। खीरे का कट-अप स्लाइस आंखों पर रखने से आपको आराम मिलेगा। इसका फेस पैक आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी निखारता है, क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। इस बनाने के लिए खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नीबू का रस और एक रुई चाहिए। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा-सा नीबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

योगोपचार
हेतल शाह, योग एक्सपर्ट

**उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अकड़न, शारीरिक दर्द, वीक बोंस समेत कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि आप कुछ आसनों का नियमित अभ्यास करें।**

# मिड एज में हेल्थ प्रॉब्लम्स बचाव में कारगर योगासन

मिड एज और उसके बाद शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन बहुत लाभकारी होता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जिसके कारण उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर हम आपको कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से इन रोगों से बच सकती हैं।



## भुजंगासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटाकर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकेंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर वापस नीचे लाएं।

**लाभ:** भुजंगासन पीठ और रीढ़ को मजबूत करने, अकड़न को कम करने और शारीरिक मुद्रा में सुधार करने में मदद करता है। यह पेट के अंगों को भी उत्तेजित करता है और पीरियड्स की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।


## पवनमुक्तासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधे लेट जाएं और धीरे से सांस छोड़ते हुए पैरों को मोड़ते हुए अपने पेट के पास लाएं। पेट पर दबाव बनाएं कुछ इस तरह कि आप अपने आपको गले लगा रही हैं। ऐसा करते समय सामान्य गति से सांस लेती रहें और धीरे-धीरे आसन से बाहर आते हुए समान्य अवस्था में आ जाएं।



**लाभ:** बढ़ती उम्र में पाचन संबंधी समस्याओं में पवनमुक्तासन करना फायदेमंद है।

## त्रिकोणासन



**विधि:** इस योग को करने के लिए मैट पर सीधा खड़े होकर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके दूरी पर रखें। फिर दोनों हाथों को कंधों की सीध में रखकर एक हाथ की अंगुलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को छूने का प्रयास करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट रखने के बार पुनः पहली वाली अवस्था में धीरे-धीरे आ जाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी इसी तरह दोहराएं।

**लाभ:** इससे शारीरिक अकड़न दूर होती है।

प्रस्तुति: विधि गोयल



## ताड़ासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और पैरों को एक साथ रखें। अब हथेलियों को शरीर के पास रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों और शरीर को ऊपर की तरफ खीचें। इस स्थिति में 30-40 सेकेंड तक रुकें फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। महिलाएं इस आसन को 3 मिनट तक कर सकती हैं।

**लाभ:** ताड़ासन करने से शरीर की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं, रीढ़ का भी संतुलन बना रहता है। शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है।

**कुछ लोगों की आदत होती है, वे जो होते नहीं हैं उससे ज्यादा अपने आपको पेश करते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि कभी ना कभी तो उनकी वास्तविकता सामने आएगी ही। तब वह अपनी विश्वसनीयता खो देंगे।**

# झूठी शेखी दिखाने की आदत बिगाड़ती है आपकी छवि

बिहेवियर
अनीता जैन



हम सब अकसर ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो अपने बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं, खुद को अधिक योग्य या सफल दिखाने की कोशिश करते हैं। इसे ही आम बोल-चाल में 'झूठी शेखी बघारना' कहते हैं। हालांकि ऐसा करके कुछ लोग अपना आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हैं, लेकिन व्यावहारिक नजरिए से देखें तो यह आदत आगे चलकर हानिकारक साबित होती है। यह आदत न केवल हमारे रिश्तों को खराब करती है, हमारी छवि भी बिगाड़ती है। इतना ही नहीं यह आदत हमारे आत्मविकास और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। हमें इस सच को मानना चाहिए कि सच्चाई, ईमानदारी और विनम्रता ही ऐसे गुण हैं, जो किसी व्यक्ति को दीर्घकालीन सफलता और सम्मान दिलाते हैं। झूठी शेखी दिखाने की बुरी आदत से और भी कई नुकसान हैं-



**टूटता है भरोसा:** झूठी शेखी बघारने से सामने वाले व्यक्ति का भरोसा जल्दी टूट जाता है। एक बार जब लोगों को यह आभास हो जाता है कि आप सच नहीं बोलती हैं तो वे आपसे दूरी बनाने लगते हैं। व्यावसायिक जीवन में यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**अवसर गंवाने की संभावना:** कई बार लोग झूठी शेखी में यह जताते हैं कि उन्हें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है या वे पहले से ही बहुत जानकार हैं। ऐसे में वे नई बातें सीखने के अवसर गंवा देते हैं या मदद मिलने से वंचित रह सकते हैं।

**तनाव और आत्मग्लानि:** झूठी शेखी को बनाए रखने के लिए लगातार झूठ बोलना पड़ता है, एक झूठ को ढंकने के लिए दूसरा-तीसरा झूठ बोलना पड़ता है। यह मानसिक तनाव का कारण बनता है। कभी ना कभी जब सच्चाई सामने आती ही है, इससे व्यक्ति को शर्मिंदगी और आत्मग्लानि होती है।

**आत्मविकास में रुकावट:** अगर कोई व्यक्ति लगातार अपनी झूठी तारीफ करता है, वह अपनी कमियों को पहचान ही नहीं पाता। जब तक आप अपनी कमजोरियों को जानते, स्वीकारते नहीं हैं, तब तक आप अपने आप में सुधार नहीं कर सकते हैं। झूठी शेखी व्यक्ति के आत्मविकास में भी रुकावट बनती है।

## बिगड़ते हैं रिश्ते

**जब कोई** व्यक्ति बार-बार खुद की झूठी तारीफ करता है या असत्य बातों से खुद को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है, तो वह दूसरों को नीचा भी दिखा सकता है। इससे मित्रता, पारिवारिक और पेशेवर रिश्ते बिगड़ते हैं। लोग धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति से दूर हो जाते हैं, जो हर समय खुद की बढ़ाई करता है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 35 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 35 ने रक्तदान किया। शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में वातानुकूलित बस में लगाया जिसमें पीजीआई रोहतक के रक्त बैंक की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सुलतान सिंह सैनी थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा ने की। संयोजन समाजसेवी एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में तीसरी बार की रक्तदाता अन्नु ने अपने दादा कृष्ण मलिक का पहली बार रक्तदान करवाया। शिविर में आर्मी से सुनील मलिक, राहुल गोयल, नवीन, जोनी, रोहित, मनीष, पवन, सुभाषचंद, प्रवीन कुमार, शिव कुमार आदि ने रक्तदान किया।

### गुरुजियों ने बुनियादी साक्षरता के गुर सीखे

**गोहाना।** सोमवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में प्राथमिक शिक्षकों के लिए फेज-2 का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। शिविर 20 जून तक चलेगा। शिविर में गुरुजियों ने बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान के महत्व व प्रभावी शिक्षण विधियों के गुर सीखे। मार्गदर्शन खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सांगवान का रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सत्र 2025-26 के लिए पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक सामग्रियों में हुए परिवर्तनों, शिक्षण चरणों और छात्रों के अधिगम स्तर को पहचानने एवं सुधारने की विधियों से अवगत कराया गया। शिविर में कुल 85 शिक्षकों ने भाग लिया।

### रुपये लेनदेन में पिता व पुत्र को पीट किया घायल

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में रुपये के लेनदेन के चलते एक व्यक्ति और उसके बेटों को पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जनता कॉलोनी निवासी रणबीर ने बताया कि उसने परचून की दुकान कर रखी है। देर शाम को दुकान पर बेटा प्रवीन बैठता है। उसका बेटा दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान कॉलोनी का ही रहने वाला सुरेश और उसका बेटा सन्नी दुकान पर पहुंच गए। दोनों उसे कहने लगे कि उसके पिता ने उनसे रुपये ले रखे है।

## नागरिक अस्पताल व पीजीआई की लापरवाही से मासूम की मौत का मामला

# सरकार को सात दिन का दिया अल्टीमेटम मांगें नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन धरना

### न्याय युद्ध मंच ने जिला नागरिक अस्पताल में दिया सांकेतिक धरना

सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे हुए देवेंद्र व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

नागरिक अस्पताल सोनीपत और पीजीआई रोहतक की लापरवाही से मासूम बच्ची प्रासिका की मौत के विरोध में रविवार को न्याय युद्ध मंच ने सांकेतिक धरना दिया। मंच के संयोजक देवेंद्र गौतम के नेतृत्व में हुए इस धरने में पीड़ित परिवार के साथ सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों ने भाग लिया। देवेंद्र गौतम ने कहा कि यह धरना अंतिम लड़ाई नहीं है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया। चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

धरने को समर्थन देने पहुंचे इंडियन नेशनल कांग्रेस एडवोकेट मनोज, इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन से रविंद्र शर्मा, रक्षक मंच से मंजीत दहिया और डॉ. योगी मलिक, प्रेम गौतम, अजय अरोड़ा और रामबीर शर्मा, ममता सरोहा, मुस्लिम समाज सेवा समिति से हाजी मुल्तान, आवामी खिदमत समिति के प्रतिनिधि, प्रोफेसर अजय दहिया, रायपुर गांव से हवासिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता और सभी 11 मांगें पूरी नहीं होतीं, वे पीड़ित परिवार और मंच के साथ खड़े रहेंगे। मंच ने साफ किया कि यदि सरकार ने एक सप्ताह में ठोस कार्रवाई नहीं की, तो बड़ा आंदोलन होगा। इसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

#### मंच ने ये रखी मांगें

धरने में मंच ने सरकार के सामने 11 मांगें रखीं। इनमें स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही करने वालों को गंभीर अपराधी की श्रेणी में लाना, पीड़ित परिवार को न्याय देना, अमानवीय बयान देने वाली सीएमओ का तबादला, दोनों अस्पतालों की उच्चस्तरीय जांच, सीएमओ और पीएमओ की जिम्मेदारी तय करना, बच्चों के लिए पीआईसीयू सुविधा बहाल करना, अस्पताल में रखे 22 वेंटिलेटर पर ऑपरेटर नियुक्त करना, ओपीडी स्लिप के लिए 8 काउंटर शुरू करना, चार्जशीटेड डॉक्टरों को हटाना, ब्लड कंपोनेंट मशीनें और नया भवन बनवाना और नागरिक अस्पताल की सभी सेवाएं बेहतर करना शामिल हैं।

#### रेफर कर दिया था

आपातकालीन कक्ष में बच्चे को पूर्ण उपचार देने का प्रयास चिकित्सक व स्टाफ कर्मचारियों द्वारा किया गया था। अस्पताल में बच्चों के लिए वेंटिलेटर नहीं है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। रायपुर से आई बच्ची को वेंटिलेटर की जरूरत थी, उसे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रेफर कर दिया था। उसके बाद जानकारी मिली की बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन मृतक के परिजनों के साथ है। *डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें विधायक एवं मेयर का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो :हरिभूमि*

# कम्युनिटी सेंटर, स्कूल अपग्रेड की मांग उठाई

- संत कबीर दास का 627वां प्रकट दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संत कबीर दास समाज उत्थान सेवा समिति, कबीरपुर द्वारा संत शिरोमणि कबीर दास का 627वां प्रकट दिवस धानक चौपाल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान रहे वहीं अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की। मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा सरकार के डायरेक्टर रविंदर दिलावर उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत संत कबीर दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। कलाकारों ने कबीर वाणी, भजन व दोहों की प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन दीपक ने किया। समिति के महासचिव सूरज कुमार और प्रधान शामलाल दिवान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते कहा कि कबीरपुर में धानक समाज के 400-500 परिवार रहते हैं, लेकिन छोटी और तंग गली में स्थित मौजूदा चौपाल से कार्यक्रमों का आयोजन कठिन हो रहा है। अतः समाज ने विधायक और मेयर से कबीरपुर में उचित स्थान पर कम्युनिटी सेंटर की मांग की है। साथ ही, स्थानीय सरकारी स्कूल को आठवीं से दसवीं कक्षा तक अपग्रेड करने की भी गुहार लगाई। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने समाज की मांगों को जायज बताया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। संत कबीर दास जी की शिक्षाओं को प्रेरणादायक बताते कहा कि समाज के उत्थान के लिए ऐसे संतों की विचारधारा को अपनाना जरूरी है। मुख्य वक्ता रविंदर ने कहा कि संत कबीर ने समाज को अंधविश्वास से निकालकर जागरूकता की राह दिखाई। बीईओ कर्मवीर बागड़ी, नगर पार्षद संगीता सैनी, एडवोकेट नकीन मेहरा, समाजसेवी रमेश रंगीला, कुलदीप सैनी, पवन दुग्गल, दीपक , राजेश , राजकुमार राजा सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय से लाखों की नकदी-चेन लेकर नौकर फरार

- कार्यालय में लगे सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन स्थित प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय से लाखों रुपये की राशि व सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का आरोप कार्यालय में तैनात कर्मचारी पर लगा है। डीलर ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

माडल टाउन प्रदीप सहरावत ने बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। उसके मॉडल टाउन में कार्यालय बना रखा है। उसे कार्यालय पर काम करने वाले की आवश्यकता थी। जींद के रहने उनके दोस्त ने नेपाल के जिला काठमांडू के गांव धनगढ़ी के रहने वाले प्रेम को उनके पास काम के लिए भेजा था। वह कार्यालय में चाय बनाने के साथ ही साफ-सफाई का काम भी करता था। प्रदीप का कहना है कि वह रविवार को अपने ऑफिस पर पहुंचे तो ऑफिस बंद मिला। जिसके बाद उन्होंने प्रेम को कई बार फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। उन्होंने सीसीटीवी की जांच की तो प्रेम आफिस बंद कर एक गाड़ी में बैठ कर जाता दिखाई दिया। इसके बाद ऑफिस का ताला तोड़कर जांच की तो वहां रखी अलमारी का ताला टूटा मिला। उसमें रखे 6.88 लाख रुपये और एक सोने की चेन गायब थी। प्रेम रुपये और सोने की चेन चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### मारपीट व चेन छीनने की वारदात में तीन गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस टीम ने गाड़ी चालक के साथ मारपीट कर चेन छीनने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। आरोपित यश निवासी बढ़खालसा, निखिल निवासी मंडोरा, इशांत निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितो से पूछताछ कर रही है। आरोपितो को अदालत में पेश किया जायेगा। कुंडली निवासी महेंद्र ने गत 14 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपनी गाड़ी में दोस्तों के साथ लुधियाना जा रहा था। जब वह बिस्वामिल चौक के पास पहुंचा। उसी दौरान दो गाड़ियां आई। उसके गाड़ी को रुकवा लिया। उसके बाद गाड़ी से निकले युवकों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने वाले निखिल को वह जानता था। हमलावरों ने उसे धमकी दी। उसके बाद उसकी चेन छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक अजमेर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितो को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया जायेगा। उसके बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# शिविर में 120 के नेत्र जांचे, बीस मरीजों का किया जाएगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक साथ में मंच के पदाधिकारी।

महात्मा आशानंद वधवा - हिन्दू मंच सोनीपत और ज़िला अंधता निवारण समिति सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में 258वां नेत्र जांच शिविर का आयोजन दुर्गा माता मंदिर, ककरोई रोड, सोनीपत में संस्था प्रधान हरि चन्द स्नेही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ ऋषि पाल भदाना और राम धारी के ब्रह्मत्व में यज्ञ द्वारा किया गया। उपस्थित जनसमूह को दूध मिश्रित शीतल जल, देसी घी से बना हलवा व प्रसाद वितरित किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल, सोनीपत की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशील ने कुल 120 रोगियों की नेत्र जांच की। जांच के उपरांत 20 मोतियाबिंद रोगियों को 17 जुलाई को ज़िला नागरिक अस्पताल, सोनीपत में ऑपरेशन हेतु आमंत्रित किया है। डॉ. सुशील ने उपस्थित लोगों को आंखों की देखभाल के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। अन्य सभी रोगियों को फ्री दवाइयां प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग की टीम में तकनीकी सहायक रोहित धनखड़ ने 60 रोगियों का रक्तचाप और विशाल प्रजापत द्वारा 40 रोगियों की शुगर जांच की गई। हंस राज वधवा, हरि चन्द स्नेही, राम किशन बत्रा, मदन लाल कत्याल, हरभगवान रहेजा, ऋषि पाल भदाना, सुरेश बत्रा, रामधारी आर्य, सुभाष, देवी लाल सहित दुर्गा मंदिर प्रबन्धक समिति के सदस्यों ने सहयोग किया।

# शिविर में 500 प्रतिभागियों ने लिया भाग

- ऋषि चैतन्य आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** कार्यशाला में सीखी गई बेकिंग कला के बाद अपने द्वारा तैयार किए व्यंजनों को आनंदमूर्ति गुरुमां को समर्पित करते युवा।

जीटी रोड स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन युवा शिविर उत्साह और सकारात्मकता के साथ संपन्न हुआ। शिविर में भारत सहित नेपाल, कनाडा, यूके और म्यांमार से 14 से 24 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 500 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर का संचालन आनंदमूर्ति गुरुमां के सान्निध्य में हुआ, जिनके मार्गदर्शन ने युवाओं को एक आध्यात्मिक और रूपांतरित करने वाला अनुभव प्रदान किया। शिविर में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आध्यात्मिक, शारीरिक और रचनात्मक गतिविधिया हुई। प्रत्येक दिन सुबह साढे पांच बजे आरती के साथ आरंभ हुआ, जिसके बाद योग और प्राणायाम के सत्र के आयोजन हुए। सत्संग, ध्यान और गुरुमां के साथ संवादात्मक सत्रों से प्रतिभागियों को गहराई से आत्मचिंतन और व्यावहारिक जीवन कौशलों की समझ प्राप्त हुई। शिविर के दौरान कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने विशेष व्याख्यान दिए, जिनसे युवाओं को प्रेरणा और नई दिशा मिली। साथ ही भांगड़ा, आत्म-सुरक्षा, बेकिंग, यूट्यूब कंटेंट क्रिएशन, आटोमेशन और डाई जैसी कार्यशालाओं ने उनकी रचनात्मकता को नए आयाम दिए।

# पुताई करते समय श्रमिक नीचे गिरा, हालत गंभीर

- फैक्ट्री संचालक व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के नाथूपुर स्थित एक निर्माणधीन फैक्ट्री में काम कर रहा श्रमिक 25 फीट ऊपर से गिरकर घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करवा रहा था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक व ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुक दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाथूपुर निवासी वीरेंद्र ने बताया कि वह ठेकेदार मोहित के पास पुताई का काम करता है। मोहित ने उसे पुताई के लिए गांव के पास ही स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री में पुताई के लिए लगाया था। फैक्ट्री में लिफ्ट लगाने के लिए थोड़ी गई जगह पर काम कर रहा था। काम करते वक्त अचानक ही संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। ठेकेदार ने दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। आरोप है कि इलाज का खर्च भी ठेकेदार ने नहीं दिया। हालत गंभीर होने से परिजन पीजीआई रोहतक ले गए। उपचार किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गोहानाः नीट की परीक्षा में छाए ओपीएस के 4 मेधावी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विजय



सूर्य



रिया



आयुषी।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा में गोहाना में जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल के 4 मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल की एमडी निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। नीट की परीक्षा में स्कूल के मेधावी विद्यार्थी विजय कुमार पुत्र संजय ने 562 अंकों के साथ सामान्य श्रेणी में ऑल इंडिया 3572 रैंक, आयुषी पुत्री सतीश ने 433 अंकों के साथ सामान्य श्रेणी में ऑल इंडिया 49939 रैंक, रिया पुत्री बिजेंद्र ने 407 अंकों के साथ सामान्य श्रेणी में ऑल इंडिया 63823 रैंक और शौर्य पुत्र कृष्ण कुमार ने 401 अंकों के साथ सामान्य श्रेणी में 66874 रैंक हासिल की। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने सराहनीय प्रदर्शन से स्कूल एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

## गांव कासंडी में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित किया

# आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा भारतः बड़ौली

- मोदी सरकार का यह कार्यकाल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को गदा भेंट करते हुए जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक व जस्सी खुराना। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को भाजपा के खानपुर मंडल के गांव कासंडी में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प करवाया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर हर पात्र को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। मोदी सरकार का यह कार्यकाल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीराम मंदिर निर्माण की 500 साल पुरानी मांग को पूरी करवाकर भव्य मंदिर बनवाया। ऑपरेशन सिंदूर से हमारी सेना ने चार दिन में ही पाकिस्तान को घुटनों के बल लाने काम किया। सेना ने आतंकवाद व आतंकवादियों पर कड़ा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को चौथे स्थान पर लाने का काम किया। भाजपा के गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की नीतियों को लागू करने में प्राथमिकता दिखाई। समारोह में गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक व खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को गदा भेंट की। परमवीर सैनी, डॉ. राममेहर राठी, प्रवीण उर्फ जस्सी खुराना, नरेंद्र गहलावत, महेंद्र चिड़ाना, सरपंच संदीप आर्य, जगबीर जैन, रीना शर्मा व सुमित कक्कड़ आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** महिलाओं को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाते हुए।

### एक बेटी पढ़ेगी तो दो घर होंगे शिक्षा से रोशन : निर्मला

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सोमवार को गांव कथूरा में बेटी साक्षरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेटियों को शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया। डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला ने देवी ने कहा कि एक शिक्षित समाज के निर्माण के लिए बेटियों को पढ़ाना बहुत आवश्यक है। अगर हम अपनी एक बेटी को शिक्षित बनाएंगे तो उसका मायका और ससुराल दो परिवार शिक्षा से रोशन होंगे। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बेटियों को अपने बेटों के बराबर अधिकार दें और जीवन में आगे बढने का अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड सुपरवाइजर सुनीता देवी ने की। कार्यक्रम में डीसीपीओ कार्यालय से बबीता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में बाल विवाह रोकने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### सोलह वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए

**सोनीपत।** जन सेवा जागृति मंच द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक नई पहल की है। अब हर रविवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जागृति धाम, सेक्टर 15, सोनीपत में 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए मुफ्त आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। पहले दिन, रविवार को आयोजित इस सेवा शिविर में 20 से अधिक लोग पहुंचे, जिनमें से 16 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाए गए। वहीं, तकनीकी कारणों जैसे आधार कार्ड का मोबाइल नंबर से लिंक न होने के कारण 4 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। जन सेवा जागृति मंच की टीम ने इस अभियान में दो युवाओं को भी प्रशिक्षण दिया, जो अपने माता-पिता और दादा-दादी के साथ आए थे। मंच का उद्देश्य है कि सभी पात्र नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा सकें। मंच ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आस-पास रहने वाले 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को इस सेवा की जानकारी दें।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपितों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव छिछड़ाना निवासी तस्वीर पुत्र रणबीर व प्रवेश पुत्र राजेन्द्र हैं। 14 जून को थाना बरोदा में तैनात सहायक उप निरिक्षक सुमित कथूरा मोड पर नाकेबंदी के दौरान दोनों को गिरफ्तार किया। ये दोनों गांव कथूरा की तरफ से एक स्कूटी पर सवार होकर आए थे। पुलिस ने स्कूटी के आगे रखे कट्टे को को चैक किया तो उसमें 11 बोतल देशी शराब मार्का संतरा व 8 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का आईसीओएनआईसी व्हाइट मिली। आरोपितों को न्यायालय ने जेल भेज दिया।

### बाइक चोरी की घटना का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपत को गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव छतैहरा निवासी प्रिंस उर्फ काला पुत्र बलकार है। 20 जुलाई 2024 को गोहाना के आदर्श नगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र हरिसिंह ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी। धर्मेन्द्र के अनुसार 18 जुलाई 2024 को वह आदर्श नगर में साईं मेडिकोज के पीछे वाली गली में अपनी बाइक को खड़ा करके किसी काम से चला गया था। जब वह वापस आया तो उसे उसकी बाइक गायब मिली। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरिक्षक राधेश्याम ने घटना में संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### हड्डी रोग निवारण योग शिविर कल से शुरू

**गन्नौर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में शहर के चौधरी लहरी सिंह पार्क में 18 से 22 जून तक हड्डी रोग निवारण योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के जिला प्रधान ओमप्रकाश प्रजापति ने दी। शिविर में योग साधक छबीलदास आर्य घुटनों, कमर, गर्दन, कूल्हे, कोहनी, एड़ी और आर्थराइटिस जैसी समस्याओं के निदान के लिए विशेष योगाभ्यास सिखाएंगे। शिविर प्रतिदिन सुबह साढे पांच बजे से सात बजे तक चलेगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया जाएगा।

## शहर में जलभराव से परेशानी, ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश

# दूसरे दिन भी आई बारिश, सुबह जलभराव, दोपहर बाद उमस





**सोनीपत।** सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में जलभराव से निकलते वाहन व वेस्ट रामनगर में जलभराव से निकलते दुपहिया वाहन चालक। *फोटो: हरिभूमि*

### अभी तीन दिनों तक मौसम में बदलाव रहेगा जारी, तापमान में भी आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सोनीपत जिले में मौसम ने करवट ली है और लगातार दूसरे दिन हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं उमस और जलभराव ने उनकी परेशानी भी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 17 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिससे अच्छी बारिश के आसार हैं। प्री मानसून की गतिविधियों की शुरुआत हो चुकी है और 23 जून तक इसके सक्रिय रहने की संभावना है। इसके बाद जिले में मानसून के आगमन की उम्मीद जताई जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो रविवार की तुलना में थोड़ी राहत भरी गिरावट है। बदले मौसम से लोगों को राहत मिली।

#### शहर में अंडरब्रिज व प्रमुख सड़कों पर भरा पानी

बारिश ने एक ओर जहां मौसम सुहाना किया, वहीं दूसरी ओर शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे पानी भर जाने से वाहन चालकों को रास्ता पार करने में भारी परेशानी हुई। इसके अलावा आदर्श नगर, बहालगढ़ रोड, एटलस रोड, परशुराम चौक और रेलवे स्टेशन रोड जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि सारंग रोड पर पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई, जिससे बारिश के बाद स्थिति और खराब हो गई है।

#### गांवों में खिले चेहरे: धान की रोपाई में आई तेजी

वहीं दूसरी ओर, बारिश ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। प्री मानसून की बारिश से धान की पौध को बेहतर नमी मिल रही है और रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, बादल छाए रहने से मजदूरों को खेतों में काम करने में सहूलियत हो रही है और पौध को धूप से नुकसान पहुंचने की संभावना भी घट गई है।

#### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

सोनीपत समेत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई है। अगले तीन दिन तेज हवा के साथ बारिश के आसार बने रहेंगे। बारिश से तापमान में कमी दर्ज होगी। -डॉ. प्रेमदीप, कृषि वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत

### समय पर उपलब्ध करवाएं कीटनाशक

**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक ली। एमडी ने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अंकिता वर्मा ने कहा कि ऑफ सीजन में मिल के प्लांट और मशीनरी की अच्छे से मरम्मत की जाए। मिल के गन्ना विभाग के अधिकारी किसानों को समय पर कीटनाशक दवाएं उपलब्ध करवाएं। बैठक में मिल के मुख्य अभियंता अनिल चौहान, सीडीओ महावीर शर्मा, चीनी विक्रय अधिकारी धनीराम शर्मा, मुख्य रासायनिक सुरेंद्र खेरवाल, एमएफजी कैमिस्ट विभाष गुप्ता, देवेंद्र दहिया, कार्यालय अधीक्षक अनिल शर्मा, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा व एसडीई आरके सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**मार्केट न्यूज**

### फिम्स में अत्याधुनिक तकनीक से सफल घुटना सर्जरी, दविन्द्र रानी को मिला नया जीवन



डॉ राघव टंडन

**सोनीपत।** फ्रैंक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (फिम्स अस्पताल) में अत्याधुनिक कम्प्यूटर-नियंत्रित सर्जरी द्वारा 65 वर्षीय दविन्द्र रानी को गंभीर घुटना समस्या से राहत दिलाई गई। दविन्द्र रानी के दायें घुटने में फ्लूइड समाप्त हो चुका था और हड्डियों के आपसी घर्षण के कारण वे असहनीय दर्द से जूझ रही थीं और सीधे खड़ी भी नहीं हो पा रही थीं। फिम्स के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव टंडन की निगरानी में गठित विशेषज्ञ टीम ने दविन्द्र रानी की सभी आवश्यक जांचें कीं। रिपोर्टें सामान्य आने के बाद, अगले ही दिन अत्याधुनिक तकनीक से सर्जरी की गई। इस प्रक्रिया में पुराने, क्षतिग्रस्त घुटने को हटाकर नया कृत्रिम घुटना स्थापित किया गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही। इसके बाद फिजियोथेरेपी विभाग ने नियमित व्यायामों के माध्यम से घुटने में लचक और गति वापस लाने का कार्य किया। अब दविन्द्र रानी वॉकर की सहायता से चलने में सक्षम हैं और जल्द ही पूर्ण रूप से सामान्य होने की ओर बढ़ रही हैं। दविन्द्र रानी और उनके परिजनों ने फिम्स अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं, सफाई, खानपान व्यवस्था और स्टाफ के सेवाभाव की सराहना करते हुए प्रबंधन व डॉ. टंडन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "फिम्स ने मेरी जीवन-गाड़ी को फिर से पटरी पर ला दिया।"

# कांग्रेस में जिलाध्यक्ष की होगी नियुक्ति

- ऑबजर्वर ने दावेदारों से अलग-अलग बातें भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत




**सोनीपत।** कांग्रेस कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद आब्जर्वर, जिला प्रभारी एवं अन्य।

कांग्रेस में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर काम तेज हो गया है। सोमवार को संगठन के सृजन करने के लिये महाराष्ट्र की सांसद एवं सोनीपत की आब्जर्वर प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़, जिला प्रभारी पूर्व विधायक संत कुमार के साथ कांग्रेस जिला कार्यालय में पहुंची। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, विधायक व पूर्व विधायकों के साथ मंत्रणा के बाद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बातचीत की और जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर उनके मन की बात जानी। इस दौरान जिला अध्यक्ष पद के आवेदकों से एक प्रोफोर्मा भी भरवाया गया, जिसे आब्जर्वर अपने साथ ले गईं। रायशुमारी का यह सिलसिला आज भी जारी रहेगा। पहले दिन सोनीपत व गन्नौर के कार्यकर्ताओं के मन बात जानी और सुझाव भी लिए गए। इस दौरान सह प्रभारी मनीषा सांगवान, सह प्रभारी बलजींदर के अलावा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयबीर वाल्मीकि, मनोज रिढाऊ आदि मौजूद रहे।

# आधार कार्य निर्धारित स्थान पर ही हों

- 14 जून 2026 तक माई आधार पोर्टल पर मुफ्त में करवा सकते हैं आधार अपडेट: सीईओ अभय

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत




**सोनीपत।** जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभय जांगड़ा ने कहा है कि आधार कार्ड से जुड़े सभी कार्य केवल उन स्थानों पर किए जाएं जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा अधिकृत हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनधिकृत स्थान पर कार्य करने की स्थिति में संबंधित विभाग या अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीईओ अभय जांगड़ा सोमवार को जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन विभागों को यूआईडीएआई द्वारा आधार बनाने व अपडेट करने की मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, वे सुनिश्चित करें कि कार्य केवल निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर अपने अधीनस्थ आधार केंद्रों का निरीक्षण करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई ने 10 वर्ष या उससे पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 14 जून 2026 कर दी है।

# यमुना किनारे जल्द ट्यूबवेल लगाए जाएंगे

- 10 एमएलडी रेनीवेल व राइजिंग मेन का निर्माण होगा: देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



**गन्नौर।** लोगों की समस्याएं सुनते विधायक देवेंद्र कादियान। *फोटो: हरिभूमि*

रेनीवेल परियोजना के तहत बेगा गांव में यमुना के किनारे जल्द ही ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। इस परियोजना के बाद बेगा गांव से शहर तक पानी की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए राइजिंग मेन पाइपलाइन दबाई जाएगी।

विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि एक सप्ताह पहले चंडीगढ़ में एसएमडीए बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनकी मांग पर 35.50 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी है। इसके तहत यमुना नदी के पास बेगा गांव से गन्नौर शहर तक 10 एमएलडी रेनीवेल और राइजिंग मेन पाइपलाइन का निर्माण होगा। इससे गन्नौर और आसपास के इलाकों में पेयजल आपूर्ति बेहतर होगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने कहा कि सरकार के सहयोग से वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। जनता दरबार में पेयजल, पीएम आवास योजना, बिजली, रास्ते और मनरेगा से जुड़ी समस्याएं रखीं।

#### लोगों ने रखीं ये मांग

तेवड़ी गांव से आए लोगों ने वाल्मीकि चौपाल के नवनिर्माण की मांग की। गांधी नगर के लोगों ने जलघर की सफाई और दीवारों की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। अमृत टू योजना के तहत नए जलघर का निर्माण जल्द शुरू कराने की अपील की। तेवड़ी गांव से आए 50 से ज्यादा लोगों ने मनरेगा के तहत काम न मिलने की शिकायत की। विधायक ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया जबकि बाकी समस्याओं का जल्द समाधान का अश्वासन दिया। इस मौके पर अंकित मल्हौत्रा, संजय त्यागी, दिनेश अदलखा, हरीश मदान सहित अन्य मौजूद रहे।

### बोस सुभाष चंद्र पार्क में सफाई अभियान चलाया



**सोनीपत।** सेक्टर 12 स्थित बोस सुभाष चंद्र पार्क में वर्षा के दौरान हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने पार्क में मौजूद पेड़-पौधों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए बताया कि सभी पौधे सुरक्षित हैं, उनमें अच्छी वृद्धि हो रही है और वे हरे-भरे हैं। इसके बाद उन्होंने रैपर, खाली बोतलें, पॉलिथीन व अन्य कूड़ा-कर्कट को इकट्ठा कर एक स्थान पर जमा किया। नगर निगम की गाड़ी जो प्रतिदिन कूड़ा उठाने आती है, उसी से संपूर्ण कचरा पार्क से हटाया गया ताकि पार्क की सुंदरता बनी रहे। दिलबाग सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पार्क में गंदगी न फैलाएं, पौधों को क्षति न पहुंचाएं और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखें। इस सफाई अभियान में गीता और युवा सेवक अर्पित सिंह ने भी भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# महिला कर्मचारी पर खाद न देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



**गन्नौर।** किसान खाद न मिलने पर सोसाइटी में रोष व्यक्त करते हुए।

नई अनाज मंडी में स्थित कोपरेटिव सोसाइटी में सोमवार को यूरिया खाद के लिए 8 बजे ही किसान पहुंच गए। जब किसानों को 11 बजे खाद नहीं मिला तो किसानों ने सरकार के प्रति रोष जताया। उसी दौरान मौके पर सोसइटी के मैनेजर पहुंचे और तुरन्त उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को खाद वितरण करवाया।

गुमड़ गांव के किसान राजबीर ने बताया कि खाद लेने के लिए सुबह 8 बजे आ गए थे। आरोप है कि सोसाइटी में सुबह 9 बजे महिला कर्मचारी पहुंचती है। उसके 10 मिनट बाद वह वापिस यह कहकर चली जाती है कि खाद लेना है तो मंडी में 26 नम्बर दुकान से ले लो। वह उसके हां बेटे की बताई जा रही है। किसान का कहना कि उसके बाद खाद लेने जाते है तो खाद के साथ अन्य दवाई भी देता है। अहीर माजरा गांव के किसान सतीश ने बताया कि वे जब सोसाइटी में आकर यूरियाा खाद मांगते है जो मंडी की दुकान पर जाने के लिए कहते है। पर्ची जितने किसानों की बनती है उतने किसानों को भी नही मिल पाती। जब कि सोसइटी की महिला कर्मी के बेटे की दुकान पर मिल जाती है। किसान रोहताश ने बताया कि वे खाद लेने के लिए आए थे। सोसाइटी का ताला तो खुला हुआ है लेकिन खाद नही मिल रहा है। मैनेजर ने अभी बोला कि किसानों को खाद देंगे।

#### सभी को आने के बाद वितरण करवा दिया : बैंक प्रबंधक

सोसाइटी के बैंक प्रबंधक राणा ने बताया कि उन्होंने सोसाइटी में आने के बाद खाद का किसानों को व्यवस्था करने के बाद वितरण करवा दिया है। किसी को कोई समस्या नही है। किसानों को खाद मिलने में परेशानी नही आनी दी जाएगी।

#### सोसाइटी के प्रबंधक व कर्मी के खिलाफ दी शिकायत: कर्मी

सैल्समैन का कार्य देख रही महिला कर्मी ने किसानों द्वारा उनके ऊपर लगाए सभी आरोपों को झूठा बताया और कहा कि वह सुबह सोसइटी में आई थी और वापिस शिकायत सोसाइटी के प्रबंधक व कर्मचारी के खिलाफ पुलिस व उच्च अधिकारियों को देकर आई है। अभी महिला पुलिस उनके ब्यान भी लेकर गई है। दोनो ने उन्हें बहुत परेशान कर रखा है। सोसाइटी में आज खाद का भी वितरण हुआ है।



### सड़क निर्माण में लापरवाही, एसडीएम को शिकायत

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही को लेकर स्थानीय निवासियों ने एसडीएम गन्नौर को लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पत्र में उमेश नांदल, मनीष चांदना, भारत जैन, विशाल, कृष्ण जैन, नरेंद्र, नदीम ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य अधूरा और अनियमित तरीके से किया जा रहा है। सड़क पर मिट्टी और रेत के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। लोगों ने ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क की सतह समतल नहीं है और निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है जो ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारियों की निगरानी की कमी को दर्शाता है। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य दोबारा कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी पर उद्योगपतियों ने जताई नाराजगी

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने हाल ही में बिजली दरों में अचानक की गई वृद्धि पर गहरी नाराजगी जताई गई है। बिजली की बढ़ी दरों के विरोध में सोमवार को एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में उद्योगपतियों की बैठक हुई। बैठक एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन ने माना कि इससे उद्योगों पर गंभीर असर पड़ेगा। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक और महासचिव हरप्रीत सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल विज व बिजली निगम के उच्च अधिकारियों को एक ज्ञापन भेजा है।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम आयोजित

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में 450 चयनित

- रोजगार मेले में लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत




**सोनीपत।** रोजगार मेले में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोनीपत में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अंप्रेटिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें राई, कुण्डली, बड़ी, खरखौदा तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से 25 औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। रोजगार मेले में इस वर्ष आईटीआई में जुलाई 2025 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा में पास होने वाले छात्रों तथा आईटीआई पास आउट छात्रों के अलावा अन्य योग्यताओं के छात्रों का चयन किया। अप्रेंटिसशिप एवं प्लसमेन्ट अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से लगभग 450 छात्रों का अप्रैटिसशिप तथा प्लेसमेंट के लिए चयन किया गया। मेले को सफल बनाने के लिए जिले के सभी आईटीआई के अप्रैटिसशिप अनुदेशक तथा वर्ग अनुदेशकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा आईटीआई प्रांगण में पौधरोपण करते हुए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राई औद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा, दमनजीत सिंह, नवीन सचदेवा, आईटीआई के वाईस प्रिंसिपल हरेन्द्र जावा, रोजगार मेला इन्चार्ज व वर्ग अनुदेशक सुरेश कुमार, वर्ग अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार, सुनील दत्त, सुनील मलिक, सुभाष चन्द्र व सीमा देवी, टर्नर अनुदेशक भूप सिंह, ड्राईंट अनुदेशक मंजीत सिंह, इम्पलोयबिलिटी स्किल अनुदेशक अक्षय तथा लिपिक नितेश कुमार आदि मौजूद रहे।